दिनांक 19.08.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

वार्ड-28.29 32 एवं 36 डेंगू प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण जिला कलेक्टर श्री उमेश कुमार अग्रवाल द्वारा किया गया।

भिलाईनगर/ दुर्ग कलेक्टर श्री उमेश कुमार अग्रवाल के द्वारा आज डेंगू प्रभावित क्षेत्र जोन -4 खुर्सीपार के विभिन्न वार्डों 28.29 32 एवं 36 का दौरा किया गया। निरक्षण के दौरान मुख्य रूप से छावनी , गौतम नगर, राजीव नगर ,न्यू खुर्सीपार के वार्ड का भ्रमण करते हुए डेंगू बीमारी की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे संयुक्त अभियान के कार्य प्रगति से अवगत हुए। स्कुल,शासकीय भवन, निगम के सार्वजानिक खाली प्लाट, समस्त अस्पताल, आंगनबाड़ी, निर्माणाधीन स्थलों के आसपास, सफाई व्यवस्था, दवाई का छिड़काव, स्वास्थ्य शिविर नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं के द्वारा घर घर जाकर के जन-जागरूकता रैली, कूलर से पानी निकालने का कार्य सहित अन्य बीमारी के रोकथाम हेतु किए जा रहे उपाय का निरीक्षण किया गया। गंदगी पाए जाने पर कलेक्टर महोदय के आदेशानुसार भैस खटाल के संचालक के द्वारा किये गए अतिक्रमण को मौके पर ही हटाया गया. व्यवसायियों से अपील की गई की दुकान के सामने पात्र में भरे पानी को जमा कर न रखे. साथ ही भरे पानी के पात्र से पानी खाली कराया गया. लम्बे समय से बंद मकान के बाहर में लगे कूलर के पानी को छेद कर निकाला गया .

श्री अग्रवाल ने न्यू खुर्सीपार के गलियों में पैदल भ्रमण करते हुए घर सफाई घर जाकर आम नागरिकों को साफ-व्यवस्था का संदेश देते हुए स्वच्छता बनाए जाने की अपील की गई साथ ही घर से प्रतिदिन निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को वार्ड में आने वाले हमारे सफाई मित्र को देने की बात कही साथ ही अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने , कूलर में पानी जमा ना होने , स्वास्थ्य ठीक नहीं होने पर तत्काल शासकीय अस्पताल में जाकर शासकीय चिकित्सक के मार्गदर्शन में उपचार करावे बिना किसी चिकित्सक की सलाह के सीधे मेडिकल स्टोर से दवाई का सेवन ना करें , पानी उबाल कर पिए, तथा डेंगू बीमारी के बचाव हेतु नर्सिंग की छात्राएं के द्वारा रैली निकालकर पाम्पलेट वितरण भी किया गया। वार्ड के नागरिकों को सलाह दी गई कि कचरे नालियों में ना डालें , साथ ही कूलर भी नीचे उ तारा गया . जिला कलेक्टर श्री अग्रवाल ने निगम आयुक्त श्री के० एल० चौहान को निर्देशित किया की जहा पर सफाई कार्य करते जा रहे है वहा पर फिर से गंदगी न हो इस पर सतत निगरानी रखें। भैंस खटालो के द्वारा बहुतायत मात्रा में गंदगी फैलाई जाती है ऐसे भैंस खटाल के संचालको से अर्थदंड की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करें तथा की गई कार्यवाही से मुझे अवगत कराएं।

जनसम्पर्क अधिकारी